सोलारिस शालीमार ने लॉटरी के जरिये फ्लैट आवंटन योजना की घोषणा की

कोलकाता. इडेन रियलिटी ग्रुप ने हावड़ा में अपनी आवासीय परियोजना, 'सोलारिस शालीमार' में लॉटरी के जरिये आवंटन की घोषणा की है. इसमें टू बीएचके और थ्री बीएचके के 552 फ्लैट हैं. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 अगस्त है. शालीमार स्टेशन के निकट स्थित यह परियोजना नौ एकड़ में फैली है. परियोजना में आठ टावर होंगे. टू बीएचके फ्लैट की कीमत 21.75 लाख और थ्री बीएचके फ्लैट की कीमत 31.95 लाख से शुरू होगी.

परियोजना के 2025 तक पूरा हो जाने की आशा है. सोलारिस शालीमार एस्प्लानेड से महज 15 मिनट की दूरी पर स्थित है तथा बीइ कॉलेज शिवपुर व बोटानिकल गार्डेन के बिल्कुल करीब है. नबान्न से इसकी दूरी पांच मिनट की है तथा विद्यासागर सेतु टोल प्लाजा भी समीप है. महानगर के साथ इसका संपर्क ब्रिज व फ्लाइओवर के नेटवर्क के जरिये है. यह डलहौसी, पार्क स्ट्रीट/कैमक स्ट्रीट, बड़ाबाजार, गरियाहाट, सॉल्टलेक सेक्टर फाइव और नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 से 40 मिनट की दूरी पर है. सोलारिस शालीमार में श्रेष्ठ सुविधाएं हैं. प्रत्येक जी प्लस 12 टावर में हवादार कमरे और बड़ी लॉबी हैं.

इसमें क्लब, जिमनेशियम, स्विमिंग पुल, बैंक्वेट हॉल तथा जॉगिंग व ध्यान के जोन हैं. परियोजना में वाटर ट्रीटमेंट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा रूफ-टॉप ग्रिड सोलर प्लांट हैं. सोलारिस शालीमार के अलावा इडेन रियलिटी वर्तमान में सोलारिस जोका, सोलारिस सिटी, सोलारिस श्रीरामपुर, सोलारिस बनहुगली, सिद्धा इडेन लेकविले और जेड रेसिडेंसीज डेवेलप कर रहा है.